an>

Title: Need to set up an AIIMS like institute in Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जनपद सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। नजदीक कोई उच्च चिकित्सा संस्थान न होने के कारण लोग असमय मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। लखनऊ की पीजीआई जो कि करीब साढ़े तीन सौ किलोमीटर दूर है, वहां पर जगह नहीं मिल पा रही है।

दिल्ली का एम्स जो करीब 700 किलोमीटर दूर है, वहां महीनों बाद लोग जांच के लिए नम्बर पाते हैं। ऑपरेशन की तारीखें एक वÂर्ष तक की दी जाती हैं। तब तक गंभीर रूप से बीमार रोगियों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। सामान्य आदमी प्राइवेट, बड़े अस्पतालों का खर्च वहन नहीं कर सकता। बुंदेलखंड अपने आप में एक राज्य के बराबर है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि बुंदेलखंड क्षेत्र के मध्य स्थल बांदा में एक एम्स खोलने हेतु आगामी बजट में प्रावधान करने की कृपा करें।

HON. SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.